## एक नजर में

### आकाशवाणी केंद्र का शुभारंभ शीघ्र



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से आकाशवाणी के उज्जैन केंद्र का शुभारंभ उज्जैन में शीघ्र होने जा रहा है। डॉ. यादव ने इस संबंध में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री से भेंट कर उज्जैन आकाशवाणी केंद्र प्रारंभ करने हेतु चर्चा की। भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत अब उज्जैन में सितंबर के प्रथम सप्ताह में केंद्र प्रारंभ होने की संभावनाएं बन रही है। यह जानकारी देते हुए आकाशवाणी भोपाल के कार्यक्रम प्रमुख राजेश भट्ट ने बताया कि आकाशवाणी उज्जैन केंद्र में उद्घोषणा कार्य, महिला कार्यक्रम, ग्रामसभा, युववाणी कार्यक्रम के लिए समनुदेशिती अर्थात असाइनी के प्रोविजनल पैनल हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष होने चाहिए अन्य सभी कार्यक्रमों के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण एवं आयु सीमा 1 जनवरी 2025 को न्यूनतम 20 वर्ष तथा अधिकतम 50 वर्ष है। सभी आवेदकों को उज्जैन नगर निगम सीमा क्षेत्र का निवासी होना आवश्यक है। कंप्यूटर का ज्ञान वांछनी है यह प्रक्रिया किसी नियमित रोजगार के लिए नहीं है सफल उम्मीदवारों को कार्यक्रम संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिर्फ और सिर्फ जब जैसी आवश्यकता होगी के आधार पर कार्यक्रम कार्य हेतु प्रस्ताव दिया जा सकता है। आवेदन पत्र दी गई लिंक पर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं अथवा मोबाइल नंबर 9685676687 पर व्हाट्सएप पर मैसेज कर प्राप्त कर भरे जा सकते हैं इसके अलावा आकाशवाणी इंदौर और आकाशवाणी भोपाल के सोशल मीडिया हैंडल से भी प्राप्त कर भरे जा सकते हैं। 20 अगस्त को पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विक्रम विश्वविद्यालय विक्रम कीर्ति मंदिर के सामने केंद्र पर लिखित परीक्षा होगी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदनों का स्वर परीक्षण ऑडिशन 21 अगस्त को प्रार्थना 9 बजे से तथा स्वर परीक्षण में उत्तीर्ण आवेदकों का व्यक्तिगत साक्षात्कार 22 अगस्त को होगा। युववाणी के आवेदक सीधे स्वर परीक्षण हेतु 21 को दोपहर 2 बजे उपस्थित होंगे। विस्तृत विवरण आवेदकों को व्हाट्सएप पर भेजे जाएंगे लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, भारतीय संस्कृति, भाषा ज्ञान, लेखन क्षमता और अंग्रेजी का हिंदी अनुवाद का भी परीक्षण किया जाएगा।

### एमआईटी में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**उज्जैन।** एमआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट्स उज्जैन में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। ध्वजारोहण एमआईटी ग्रुप के चेयरमैन प्रवीण वशिष्ठ द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टॉफ सदस्यों से देशभक्ति की भावना को सदैव हृदय में संजोए रखने की अपील करते हुए नई तकनीक एवं आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के सदुपयोग से शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने पर जोर दिया। संस्था के एनसीसी कैडेट्स ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने का कार्य अंडर ऑफिसर नंदनी ज़ादोन एवं गार्ड ऑफ़ ऑनर टीम द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. के.वी. शर्मा के मार्गदर्शन में लेफ़्टिनेंट सौरभ मिश्रा एवं डॉ. अतुल पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के सचिव आदित्य वशिष्ठ ने एनसीसी कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा देशभक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्म में दिखनी चाहिए। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन रेणु वशिष्ठ, वाइस चेयरमैन आकाश वशिष्ठ, एमआईटी निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ला, एमआईएम निदेशक डॉ. ऋषि दुबे, एमआईपीएस निदेशक डॉ. विकास जैन सहित समस्त शिक्षक, स्टॉफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### गोगा नवमी का महापर्व मनाया गया

**उज्जैन।** राष्ट्रीय संत बालयोगी महाराज उमेश नाथ जी राज्य सभा सांसद के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के आराध्य देव गोगा जी महाराज की गोगा नवमी का महापर्व मनाते हुये 32 छड़ियों का उज्जैन शहर मे भव्य रूप से चल समारोह निकाला गया। गोपाल मन्दिर के सामने वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन द्वारा मंच लगाया गया और मंच के द्वारा श्रीकृष्णा का जन्मोत्सव के रूप मे जन्माष्टमी मनाई गई और समस्त दर्शानार्थीयो को जन्माष्टमी और गोगा नवमी की बधाई देते हुये शुभकामनायें प्रेषित की गई। राज्य सभा सांसद उमेश नाथ महाराज जी का संभाग की टीम द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर एवं शिल्ड से सम्मान किया गया और 32 छड़ियों निशानो का फुल मालाओ से भव्य स्वागत किया गया। भगत खलिफा का सम्मान किया। इस शुभ अवसर पर हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, जीतेन्द्र भाटी संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रवि सिहोते जिला अध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, आउटसोर्स कर्मचारी संघ संभाग अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, कमल गोयल तहसील वरिष्ठ सलाहकार आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अजय डागर ने दी।




### सामाजिक सरोकार और जनजागृति का संदेश

**उज्जैन।** तीर्थराज कहे जाने वाले गया कोटा तीर्थक्षेत्र में रविवार को माधव सेवा न्यास के न्यासीगण, सदस्यों एवं सामाजिक सेवकों ने स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। न्यास के न्यासी सदस्य प्रदीप पाण्डे ने बताया कि संस्था लगातार इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से लोगों को जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि 卐वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका पालन-पोषण और संरक्षण करना भी समाज का कर्तव्य है।卐 कार्यक्रम की शुरुआत सफाई अभियान से हुई, जिसमें तीर्थक्षेत्र के परिसर को साफ़ किया गया। इसके बाद नीम, पीपल के वृक्ष लगाए गए। सभी उपस्थित सेवकों और नागरिकों ने वृक्षों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने न केवल वृक्ष लगाए, बल्कि स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक का प्रयोग न करने की शपथ भी ली। माधव सेवा न्यास ने यह स्पष्ट किया कि यह अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि सतत प्रयास है। संस्था पहले भी स्वास्थ्य शिविरों, सेवा कार्यों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में अग्रणी रही है। तीर्थस्थल की स्वच्छता और हरियाली से जुड़ा यह अभियान केवल धार्मिक स्थल तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज को प्रेरणा देने वाला है।

# महाकाल बाबा की राजसी सवारी रही खास, दर्शन कर धन्य हुए लगभग श्रद्धालु 10 लाख

## हेलीकॉप्टर और ड्रोन से हुई पुष्पवर्षा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया पूजन

**नगर निगम के सफाई कर्मचारियों से लेकर किन्नरों ने तत्काल मार्ग की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश**





**उज्जैन। भादो मास की दूसरी सवारी जब अंतिम राजसी सवारी के स्वरूप में सोमवार को महाकाल मंदिर के सभा मंडप से 4 बजे निकली तो दुनिया भर से आए लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर स्वयं को धन्य पाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उज्जैन पहुंचे और उन्होंने बाबा महाकाल का दर्शन पूजन किया।**

विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर की राजसी सवारी सोमवार को उज्जैन में जब निकली तो आस्था और श्रद्धा के इस अद्भुत मिलन में करीब 10 लाख श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान महाकाल के दिव्य रूप का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

बाबा महाकाल की सवारी परंपरागत वैभव और धूमधाम के साथ महाकाल मंदिर से निकली। इसमें हाथी-घोड़े, सजे-धजे रथ, डमरू दल और भजन मंडलियों ने भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' और 'जय महाकाल' के उद्घोष गूंजते रहे। लगभग 07 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर और झांकियां सजाकर भगवान महाकाल की अगवानी की।



नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि पूरे उज्जैन शहर का वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण रहा। श्रद्धालु देर रात तक महाकाल के जयकारे लगाते रहे और इस ऐतिहासिक शाही सवारी के साक्षी बने।निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार संपूर्ण सवारी मार्ग पर 550 से अधिक सफाई मित्रों को सफाई व्यवस्था हेतु तैनात किया गया। जिनके द्वारा सवारी आरंभ होने से पूर्व से लेकर सवारी समाप्त होने के पश्चात सवारी मार्ग को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखा। आगे आगे बाबा महाकाल की पालकी चली वहीं पीछे नगर निगम के सफाई मित्रों ने तत्काल मार्ग को साफ एवं स्वच्छ किया गया। इसके साथ ही सफाई मित्रों का हौंसला बढ़ाते हुए किन्नर समाज द्वारा भी अपने हाथों में झाड़ू थाम कर सफाई मित्रों के साथ सवारी मार्ग की सफाई की गई। महाकाल ने भक्तों को छह रूपों में दर्शन दिए। राजसी सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर ने छह विभिन्न स्वरूपों में अपनें भक्तों को दर्शन दिये। भगवान महाकाल की राजसी सवारी में रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश और डोल रथ पर श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद व षट्म् सवारी में श्री सप्तधान का मुखारविंद के रूपों में भक्तों को दर्शन दिए। सवारी परम्परागत मार्गों से होती हुई रामघाट पहुंची। रामघाट पर भगवान श्री महाकाल का क्षिप्रा के जल से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गई। रामघाट पर भगवान श्री महाकाल का क्षिप्रा के जल से जलाभिषेक हुआ, पुजारियों के द्वारा पूजन सम्पन्न कराया गया।

### मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सिंधिया पहुंचे

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी विशेष रूप से उज्जैन पहुंचे। दोनों नेताओं ने बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल की कृपा पूरे प्रदेश और देश पर बनी रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली से सीधे इंदौर पहुंचे और हेलीकॉप्टर से उज्जैन आने के बाद सीधे महाकाल मंदिर गए, सभा मंडप में बाबा महाकाल का पूजन अर्चन किया और सवारी में डमरू भी बजाया, इसके पश्चात मुख्यमंत्री भोपाल के लिए रवाना हो गए। नवभारत से चर्चा में उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सवारी के दौरान शहर में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। हजारों पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अमला मार्ग पर तैनात रहा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सीसीटीवी कैमरे ड्रोन कैमरे से निगाह रखी जा रही थी। महाकाल मंदिर से 4 बजे प्रारंभ हुई राजसी सवारी कोट मोहल्ला, गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार चौराहा, हरसिद्धि पाल होते हुए रामघाट पहुंची। यहां बाबा की पूजा के बाद पुनः रवाना हुई और बंबई वाले की धर्मशाला, गणगौर दरवाजा, सत्यनारायण मंदिर, होते हुए करीब 9 बजे गोपाल मंदिर पहुंची। यहां पूजा के बाद बजे गुदरी चौराहा होते हुए रात 10 बजे मंदिर पहुंच गई।

### निगम ने की आवश्यक व्यवस्थाएं

बाबा महाकाल की राजसी सवारी के दर्शन करने लाखों की सांख्य में श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु निगम अमले द्वारा आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सड़कों पर पेंचवर्क, आवारा मवेशियो को पकड़ने सहित समस्त व्यवस्थाएं समय पूर्व सुनिश्चित की गई। संपूर्ण सवारी मार्ग का आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्तगण द्वारा व्यस्थाओं का निरंतर निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुरुप सवारी के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर जैसे ही मुख्य द्वार पर पहुंचे असंख्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्री महाकालेश्वर का स्वागत-वन्दन किया। वहां पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों तथा प्रदेश के विभिन्न बटालियनों के जवानों द्वारा सवारी को सलामी दी। पालकी के आगे घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान आदि की टुकडियां मार्च पास्ट करते हुए चल रही थी। वहीं बीच में बारिश ने भी बाबा महाकाल का जलाभिषेक कर इसे और धार्मिक बना दिया।

### मंत्री टेटवाल व वैभव यादव हुए शामिल

पूजन के दौरान प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, महापौर मुकेश टटवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र वैभव यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामघाट पर पूजन के दौरान मुख्यमंत्री की मंशानुरुप हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पुष्प वर्षा में 500 किग्रा से अधिक गुलाब के पुष्प की पंखुडियों का उपयोग किया गया। महाकाल की प्रमुख राजसी सवारी के चल समारोह में सबसे आगे महाकाल मंदिर का प्रचार वाहन चला। उसके बाद यातायात पुलिस, तोपची, भगवान महाकाल का रजत ध्वज, घुड़सवार, विशेष सशस्त्र बल सलामी गार्ड, स्काउट, गाइड सदस्य, सेवा समिति बैंड के बाद उज्जैन के अतिरिक्त मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से परंपरागत रूप से सवारी सम्मिलित होने वाली 70 भजन मंडलियां चल समारोह में प्रभु का गुणगान करते हुए व अपनी सेवाएं देती हुई चलीं। महाकाल भगवान की राजसी सवारी में जनजातीय एवं लोक नृत्य कलाकारों के दलों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप बाबा श्री महाकालेश्वर की सवारी को भव्य स्वरुप देने के लिए 4 जनजातीय कलाकारों के दल ने श्री महाकालेश्वर भगवान की 18 अगस्त को भाद्रपद माह की दूसरी व राजसी सवारी में सहभागिता की।

# चाकू के साथ पकड़ा तो सामने आया जानलेवा हमले का आरोपी

**उज्जैन। 14 अगस्त की देर शाम बच्चा जेल के पीछे डी मार्ट मार्ग पर युवक पर कातिलाना हमला हुआ था। नागझिरी पुलिस को हमला करने वालों की तलाश कर रही थी। इसी बीच नीलगंगा थाना पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ हिरासत में लिया। जो हमले में शामिल होना सामने आया।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने कवेलू कारखाना कलाली के पीछे से शनिवार दोपहर को अमरदीप नगर में रहने वाले सुमित उर्फ राजा वाल्मीकि को चाकू के साथ हिरासत में लिया। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया। उस वक्त तक यह सामने नहीं आया था कि चाकू के साथ हिरासत में आया सुमित 14 अगस्त को बच्चा जेल के पीछे पप्पू गौसर पर हुए कातिलाना हमले का आरोपी है। नागझिरी पुलिस हमले के अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही थी। घटनास्थल के पास से फुटेज मिले थे, वहीं घटनास्थल के आसपास की मोबाइल लोकेशन भी प्राप्त की जा रही थी। जिसमें पता चला कि सुमित नाम के युवक का मोबाइल घटनास्थल पर एक्टिव था, जो नीलगंगा क्षेत्र का रहने वाला है। नागझिरी पुलिस ने नीलगंगा पुलिस से संपर्क किया तो सामने आया कि सुमित को चाकू के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसे जेल भेजा गया है। नागझिरी पुलिस नीलगंगा पहुंची और सुमित की जानकारी जुटाई गई। सुमित पर पूर्व में भी जानलेवा हमले और मारपीट के मामले दर्ज थे। नागझिरी पुलिस अब सुमित का जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर लेगी। जानकारी यह भी सामने आई कि हमले में सुमित के साथ रहे 4 साथियों का सुराग भी मिल चुका है। जो शहर से बाहर है। पुलिस की एक टीम उनकी गिरफ्तारी के लिये रवाना हो गई है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि कातिलाना हमले के एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। उसके चार साथियों को भी जल्द हिरासत में लेकर मामले का खुलासा किया जायेगा।

### ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता के आयोजकों पर केस

उज्जैन। बड़नगर में रविवार को ग्रामीणों ने ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता का कस्बे में बड़े स्तर पर आयोजन किया था। जिसमें आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण अपने 60 से 70 ट्रैक्टर लेकर पहुंच रहे थे। प्रतियोगिता का आयोजन कार्तिक पिता लोकेश जाट निवासी खौब दरवाजा द्वारा रखा गया था। अचानक बड़ी संख्या में ट्रैक्टर कस्बे में पहुंचने और जाम लगने की खबर मिलते ही बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि प्रतियोगिता बिना अनुमति आयोजित की जा रही है। जिससे जाम के हालत बन गये है। जाम में एक एम्बुलेंस भी फंस गई थी। जिसके चलते बिना अनुमति प्रतियोगिता आयोजित करने वाले आयोजन और अन्यों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 में प्रकरण दर्ज किया। थाना प्रभारी के अनुसार अगर कोई पृथक से मामले की शिकायत दर्ज करायेगा तो मामले में अन्य धारा बढ़ाकर विवेचना की जायेगी।

## झूलेलाल साई की निकली शोभायात्रा, प्रवचन में सैकड़ों भक्तों ने लिया आशीर्वाद



**उज्जैन।** सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल की परम भक्त झूलेलाल साई शेहरा वाले गीता कॉलोनी स्थित झूलेलाल मंदिर पर आगमन हुआ। झूलेलाल साई की शोभायात्रा गीता कॉलोनी में परिक्रमा कर झूलेलाल मंदिर पर समाप्त हुई। जिसमें महिलाएं कलश लेकर चली। बग्घी, ढोल बाजे के साथ सैकड़ो महिला पुरुष नाचते हुए निकले। जगह-जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा की गई। अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी ने बताया कि सभी भक्त नाचते गाते हुए ढोल के साथ के मंदिर पर पहुंचने के पश्चात साई झूलेलाल का प्रवचन में सैकड़ों भक्तों ने झूलेलाल साई शेहरा वाले से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान चंदीराम जेठवानी, जय किशन राजवानी, गज्जू भैया, मोनू वासवानी, पवन खुबानी, दीपक राजवानी, मनीष तेजवानी घनश्याम वासवानी, हेमंत मूलवानी, सोनू सोनवानी, घनश्याम खुबानी, वर्षा आडवाणी, सोनिया नाथनी, नैना मुलानी, हंसा राजवानी, नेनुका आसवानी सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उज्जैन महानगर के वस्तु भंडार का हुआ उद्घाटन



**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उज्जैन महानगर के वस्तु भंडार (शक्ति केंद्र) का उद्घाटन किया गया। इस शक्ति केंद्र का उद्घाटन उज्जैन महानगर के संघचालक योगेश भार्गव एवं विभाग कार्यवाह पारस गेहलोत द्वारा किया गया। उज्जैन विभाग एवं महानगर के कई कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित होने वाले विजयदशमी उत्सव में नगर से निकलने वाले संचलन हेतु वस्तु भंडार की स्थापना की गई है। यह उद्घाटन समारोह फ्रीगंज में गोयल चेंबर्स, हारफुल की दुकान के पीछे संपन्न हुआ।

# किराना दुकान चलने वाले बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** घर से ही किराना दुकान चलाने वाले बुजुर्ग ने सोमवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने फंदे पर लटका देखा तो नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी, लेकिन बुजुर्ग की सांस थम चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

माधव नगर थाना पुलिस ने बताया कि किशनपुरा में रहने वाला वीरेंद्र पिता रतनलाल जाटवा 55 वर्ष घर से किराना दुकान संचालित करते थे। सुबह परिजनों ने उन्हें कमरे में फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से वीरेंद्र जाटव को नीचे उतारा उनकी सांस थम चुकी थी। घटनास्थल की जांच के बाद बॉडी को अस्पताल पहुंचाया गया और मर्ग कायम कर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का कहना था कि काफी समय से वह वृद्धावस्था की बीमारियों से परेशान चल रहे थे उनका उपचार भी कराया जा रहा था। वह किराना दुकान पर भी पूरी तरह से नहीं देख पा रहे थे संभवत: किसी डिप्रेशन में आकर उन्होंने मौत को गले लगाया है।

### दुर्घटना में घायल महिला की मौत

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के चकरावदा टोल के समीप सड़क दुर्घटना में देवास की रहने वाली रामकुंवर पति राम प्रसाद बागरी घायल हो गई थी जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। जहां उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। दुर्घटना में मृतक महिला का पति भी घायल हुआ था जिसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों देवास से बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

**झमाझम का इंतजार** मौसम में विभाग में रुक-रुक बारिश की संभावना जताई है, 2 दिन बाद झमाझम हो सकती है

# दोपहर में 23 मिलीमीटर, शाम को रिमझिम का दौर चलता रहा

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। लंबे इंतजार के बाद सोमवार दोपहर को तेज बारिश शुरू हुई। 20 मिनट तक रफ्तार से पानी गिरा। उसके बाद रिमझिम का दौर शुरू हो गया। दोपहर में हुई बारिश 23 मिलीमीटर दर्ज की गई। मौसम में विभाग में रुक-रुक बारिश की संभावना जताई है। 2 दिन बाद झमाझम हो सकती है।**

धार्मिक नगरी में बारिश नहीं होने से तापमान में तेजी आने लगी थी। उमस से लोगों परेशान थे। हर किसी तो तेज बारिश की उम्मीद बनी हुई थी, लेकिन इंद्र देवता मेहरबान नहीं हो रहे थे। सोमवार को बाबा महाकाल की राजसी सवारी शाम 4 बजे निकलने वाली थी, उससे पहले आसमान में बादलों की तेजी से दस्तक हुई। 3 बजे तेज बारिश शुरू हुई, महाकाल मंदिर से राजसी सवारी मार्ग पर जाने वाले श्रद्धालुओं के कदम थम गये। 20 मिनट तक एक रफ्तार से पानी गिरा। उसके बाद रिमझिम बारिश होने लगी। जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि 20 मिनट हुई बारिश 23 मिलीमीटर दर्ज हुई जो 1 इंच के करीब थी। मौसम विभाग ने 20 अगस्त बाद तेज बारिश की संभावना जताई है। इस बीच रुक-रुक बारिश होती रहेगी। दोपहर में हुई बारिश के बाद उमस से कुछ राहत मिली थी, लेकिन शाम ढलने पर गर्मी-उमस ने लोगों को फिर से परेशानी में डाल दिया था।




### 33 डिग्री के करीब दर्ज हुआ तापमान

लंबे समय से बारिश नहीं होने पर दिन-रात के तापमान में तेजी दर्ज की जा रही थी। सोमवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री को पार कर चुका था। सुबह की आर्द्रता 85 और शाम की आर्द्रता 95 प्रतिशत रही। हवा 4 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही थी।

### धार्मिक नगरी में अब तक 18 इंच बारिश

धार्मिक नगरी में औसतन बारिश का आंकडा 36 इंच है। लेकिन 15 जून से 18 अक्टूबर तक 18 इंच बारिश ही दर्ज हुई है। अब भी 18 इंच बारिश की जरूरत है। वेधशाला अधीक्षक डॉ. गुप्त के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में कम बारिश हुई, वैसे अभी वर्षाकाल 15 सितंबर तक है। इस बीच औसतन बारिश का आंकडा पूरा हो जायेगा।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन डायनामिक द्वारा गोद लिए पानदरीबा हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वज वंदन, प्रतिभावान छात्र-छात्रा को सम्मान और सभी स्कूली बच्चों को पुरस्कार एवं मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झोन चेयरमैन श्वेता भार्गव, क्लब अध्यक्ष आनंद माहेश्वरी, सचिव घनश्याम मारू, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, अजय जसोरिया, धर्मेंद्र गुप्ता, हेमंत खत्री, आलोक जैन, अभय छाजेड़, विनय भूतड़ा, प्रशांत महाजन, संजय अग्रवाल, निलेश जैन, ला. राजेंद्र यादव, राजीव गर्ग, हरविंदरसिंह छाबड़ा, शीतल चतर, दिलीप गुप्ता, मनोहरसिंह, दीपक खंडेलवाल एवं लायन साथी उपस्थित थे। उक्त जानकारी संजय बाफना ने दी।